हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 8 डिग्री

4 रामगढ़ में 82 वर्षीय वृद्ध पहुंचे विशेष गहन पुनरीक्षण शिविर



## खबर संक्षेप

### कंवर समाज का वार्षिक सम्मेलन आज से

**बैकुण्ठपुर।** कंवर समाज विकास समिति एवं कंवर यूथ क्लब कोरिया का वार्षिक सम्मेलन 17-18 जनवरी को दो दिवसीय कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित किया गया है। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के पहले दिन 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत आराध्य देवों के पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगा, वहीं दूसरे दिन भी नियत समय पर कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिपं अध्यक्ष मोहित पकरा, नपा अध्यक्ष नविता शिवहरे, सेवानिवृत्त आईएएस आरएस ठाकुर, सेवानिवृत्त प्राचार्य आरपी पैकरा सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष कंवर समाज विकास समिति कोरिया मनियार सिंह द्वारा की जाएगी।

### शताब्दी वर्ष पर युवा संगम कार्यक्रम कल

**वेस्ट चिरमिरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चिरमिरी नगर द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 18 जनवरी को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रभावना, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना के विकास के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा बाजार, चिरमिरी में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक चलेगा। युवा संगम कार्यक्रम युवाओं को नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बौद्धिक सत्र, मार्गदर्शन एवं प्रेरक विचारों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

## नल-जल योजना फेल, आंगनबाड़ी की मोटर बंद

# फूलपुर में भीषण पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत फूलपुर में इन दिनों पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। गांव के सैकड़ों ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

हालात यह हैं कि गांव में पीने के पानी का कोई स्थायी और भरोसेमंद स्त्रोत फिलहाल मौजूद नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार पहले पंचायत भवन के समीप स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र से मोटर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती थी, जिससे कई घरों की जरूरत पूरी हो जाती थी, लेकिन पंचायत भवन के आपरेटर द्वारा बिजली कनेक्शन कटवा दिए जाने के बाद मोटर पूरी तरह बंद हो गई, इससे गांव की जलापूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी



सूखा स्टेंड पोस्ट।

नल-जल योजना ग्राम पंचायत फूलपुर में पूरी तरह विफल साबित हो रही है, न तो नलों में पानी आ रहा है और न ही पंचायत स्तर पर इसकी मरम्मत या सुधार को लेकर कोई गंभीर पहल की जा रही है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की सरपंच एवं सचिव इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और मनमानी ढंग से कार्य कर रहे हैं।

वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े द्वारा यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया कि केवल एक-दो घरों में ही पानी की समस्या है, जबकि हकीकत में पूरा गांव पानी के संकट से जूझ रहा है। गांव में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही पेयजल व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

### जल जीवन मिशनः 324 योजनाओं का हस्तांतरण लक्ष्य तय

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों और जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा 324 योजनाओं का हस्तांतरण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 315 योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 200 से अधिक योजनाओं में जल प्रदाय शुरू हो गया है। हालांकि 19 योजनाओं के कार्य पूर्ण होने के बावजूद पंचायतों द्वारा हस्तांतरण नहीं किया गया है। कलेक्टर ने इन्हें शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों की भी प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में ⏭ शेष पेज 4 पर

## अवैध कोयला तस्करी, कार जब्त

**चरचा कॉलरी।** चरचा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 1 कठौतियापारा में एसईसीएल सुरक्षा प्रहरियों एवं चरचा पुलिस की संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात लगभग 2:30 बजे एक वेगेनार कार को अवैध कोयले के साथ पकड़कर बड़ी कार्रवाई की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वेगेनार कार क्रमांक सीजी 07 एम 2680 में करीब 8 से 10 बोरा कोयला लोड कर चोरी-छिपे ले जाया जा रहा था। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस एवं एसईसीएल सुरक्षा टीम ने वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा। जांच में कार से अवैध रूप से कोयला बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि वाहन धीरज जायसवाल का है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना चरचा लाया। चरचा पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध



धारा 35 (1-4) बीएनएसएस एवं 303 (1) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसईसीएल द्वारा अपराध दर्ज कराए जाने पर वाहन मालिक के विरूद्ध पृथक से अपराध कायम कर उसे न्यायिक रिमांड पर पेश किया जाएगा। इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। डी प्वाइंट, शिवपुर, पटेलपारा, कठौतियापारा और रेलवे साइडिंग प्वाइंट से इन दिनों लगातार आधी रात के बाद अवैध कोयले का परिवहन किया जा रहा है।

## अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ चार वाहन जब्त

जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील बैकुंठपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान खनिज विभाग की टीम ने अवैध रूप से खनिज परिवहन करते हुए कुल चार वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान दो हाइवा एवं एक मिनी ट्रक को अवैध रूप से गौण खनिज गिट्टी एवं ईंट का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

वहीं रात्रि गश्त के दौरान एक पिकअप वाहन को अवैध रूप से खनिज कोयला का परिवहन करते हुए जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों को समीपस्थ थाना चरचा में अभिरक्षा में रखा गया है।



जब्त वाहनों में सीजी16 सीएच 9878 (मेसर्स अर्णव बिल्डकॉन), सीजी 12 एस 1599 (श्री कुलदीप सिंह), सीजी 16 सी 2115 (श्री नरेश साहू) तथा यूपी 64 सीटी 0967 है, जिसके वाहन चालक फरार है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अंबिकापुर से अगवा युवती मनेन्द्रगढ़ में छुड़ाई गई



गिरफ्तार अपहरणकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ नाकाबंदी में पकड़ी गई कार, चार अपहरणकर्ता गिरफ्तार

एमसीबी जिले में पुलिस ने मुस्तैदी और तेज कार्रवाई का परिचय देते हुए अंबिकापुर से अगवा की गई युवती को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही युवती को कार में अपहरण कर ले जा रहे चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी कार्रवाई सरगुजा आईजी के सख्त निर्देश पर और मनेन्द्रगढ़ एसपी रत्ना सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा अंजाम दी गई। जानकारी के अनुसार 15 जनवरी की रात अंबिकापुर में युवती अपने कार्यस्थल से ड्यूटी खत्म कर पैदल घर लौट रही थी, इसी दौरान कार सवार चार युवकों ने उसे जबरन खींचकर वाहन में बैठाया और तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना को देख स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला पूरा खेल

अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। फुटेज में संदिग्ध कार नेशनल हाईवे-43 से मनेन्द्रगढ़ की ओर जाती दिखाई दी। सूचना मिलते ही मनेन्द्रगढ़ पुलिस हरकत में आई और जिले की सीमाओं पर अलर्ट जारी कर दिया गया।

### मनेन्द्रगढ़ में घेराबंदी, कार से निकली युवती

पुलिस ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी मार्ग पर सख्त नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान कार के भीतर से अपहृत युवती सुरक्षित अवस्था में बरामद की गई। पुलिस ने मौके से चारों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपी मध्यप्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। वाहन को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ अपहरण सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है। तेज कार्रवाई से जहां युवती के परिजन ने राहत की सांस ली, वहीं आम जनता ने पुलिस की सतर्कता और तत्परता की सराहना की है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मामले की गहराई से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष का स्वागत

**सीतापुर।** भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष अनिल निराला का नगर आगमन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह चौक में फूल माला एवं गाजे बाजे के साथ नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की। इसके बाद भाजपाइयों द्वारा आयोजित रैली में शहीद भगत सिंह चौक से ट्रैक्टर पर सवार होकर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जगह जगह नगर वासियों द्वारा स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद रैली विश्रामगृह परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ने निकाली रैली



**राजपुर।** कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का नीरज तिवारी का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान कमेटी द्वारा नगर में भव्य रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत महामाया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात कार्यकर्ता दरहा बाबा होते हुए गांधी चौक राजपुर पहुंचे, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प-मालाएं अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और कांग्रेस के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करने का संकल्प भी दोहराया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सुनील सिंह शाहिद सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता थे।

### अनुज शर्मा के साथ कृषि मंत्री नेताम ने महामाया मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रामानुजगंज।** विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा के साथ कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कनहर नदी के तट स्थित जिले के प्रमुख आस्था केंद्र माँ महामाया मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजन उपरांत कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं विधायक अनुज शर्मा कनहर नदी के तट पर पहुंचे, जहां उन्होंने नदी की प्राकृतिक सुंदरता को निहारा और क्षेत्र की स्वच्छता एवं सौंदर्य की प्रशंसा की। इसके बाद दोनों नेताओं ने झारखंड बॉर्डर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा के नेता अश्वनी गुप्ता, पार्षद सिद्धांत यादव, विक्रम गुप्ता, शुभम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गर्भवती गाय की बचाई जान



**धौरपुर।** गर्भवती गाय की जान पर उस समय खतरे में पड़ गया जब बच्चा दानी बाहर निकल गया। गनीमत था की जनपद अध्यक्ष की सूचना पर तत्काल पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच गए और ऑपरेशन कर गाय की जान बचाई। जानकारी के अनुसार लुंड्रा ब्लॉक के ग्राम जोरी निवासी धनेश्वर सिंह के गाय का आज बच्चेदानी बाहर निकल गया था जिससे गाय दर्द से तड़प रही थी। इधर घटना की सूचना पर जनपद पंचायत अध्यक्ष ने पशु चिकित्सकों को दी साथ ही वस्तुस्थिति के संबंध में बताया। जिस से मौके पर ही धौरपुर एवं लखनपुर के पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और तत्काल गाय का ऑपरेशन कर बच्चे एवं माता दोनों की जान बचाई। गाय और बच्चा दोनों स्वस्थ है। ऑपरेशन पशु चिकित्सक सफदर अली, शिवलाल मिंज, सुरेंद्र कुशवाहा एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

### अभयारण्यों की हर बीट का सर्वे कर रहे वनकर्मी

# हिंसक वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने वन विभाग ने शुरू किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग टाइगर रिजर्व की तर्ज पर सरगुजा वनवृत्त के अभ्यारणों में मौजूद मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने सर्वे प्रारंभ किया है। सर्वे के तहत मैदानी अमला हर बीट का भ्रमण कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का आंकड़ा तैयार करेगा। सर्वे अलग-अलग चार चरणों में संचालित होगा।

**खास बातें**

- वन्य जीव संस्थान करेगा आंकड़े की समीक्षा
- ट्रैप कैमरे से किया जाएगा भौतिक सत्यापन

वन विभाग टाइगर रिजर्व की तर्ज पर सरगुजा वनवृत्त अंतर्गत तमोर पिंगला अभ्यारण्य, सेमरसोत अभ्यारण्य एवं बादल खोल अभ्यारण्य में मंगलवार को एक साथ अभ्यारण्यों के सभी बीटों में सर्वे की शुरूआत की गई। शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने मैदानी अमला 3 किमी क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर मल, मूत्र, पंजे के निशान सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी उपस्थिति का विवरण तैयार कर रहे हैं। शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने ट्रांजिट लाइन सर्वे किया जा रहा है जबकि मांसाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी की जानकारी जुटाने साइन सर्वे किया जाएगा। प्रथम दिन के सर्वे के दौरान वनकर्मियों को तमोर पिंगला अभ्यारण्य में शाकाहारी वन्य जीवों के साथ ही कई स्थानों पर हिंसक वन्य जीवों के भी पंजे के निशान मिले हैं। सर्वे के दौरान वन अमला ट्रांजिट लाइन में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के वनस्पतियों की भी जानकारी एकत्र कर रहे हैं। वन अधिकारियों के अनुसार प्रारम्भिक सर्वे पूरा होने के बाद उपलब्ध आंकड़े वन्यजीव संस्थान के साफ्टवेयर पर उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरे चरण में वन्य जीव संस्थान के विशेषज्ञ इसकी समीक्षा करेंगे। तीसरे चरण में ट्रेप कैमरे लगाए जाएंगे।



जंगल का भ्रमण करते वनकर्मी।

**जंगल में लगेंगे ट्रैप कैमरे**

प्राथमिक सर्वे के उपरांत विभाग वन्य जीवों की मौजूदगी की वास्तविकता संख्या जानने जगह-जगह ट्रैप कैमरे लगाएगा। मापदण्ड के अनुसार हर दो वर्ग किमी क्षेत्र में अलग-अलग दिशा में एक साथ दो ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। इस दौरान निकट से गुजरने वाले मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की तस्वीर ट्रैप कैमरे में कैद हो जाएगी। विभाग द्वारा इसके लिए 300 ग्रीड तैयार किया जाएगा। कैमरे में कैद वन्य जीवों की तस्वीरों के विश्लेषण उपरांत वन्य जीव संस्थान भविष्य की योजना तैयार करेगा। इस योजना में मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन के साथ ही अन्य आवश्यक तथ्यों पर केन्द्रित भविष्य की योजनाएं बनाई जाएगी।

**सभी अभ्यारण्यों में हाथी**

शासन द्वारा तमोर पिंगला सहित सरगुजा के अन्य सभी अभ्यारण्यों को एलिफेंट रिजर्व घोषित किया गया है। इन अभ्यारण्यों के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हाथी भ्रमण कर रहे हैं जिसके कारण सर्वेक्षण के दौरान कर्मचारियों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। तीसरे चरण के सर्वे के लिए विभाग को बड़ी संख्या में ट्रेप कैमरों की जरूरत पड़ेगी वन अधिकारियों का कहना है कि विभाग के पास 85 ट्रैप कैमरे उपलब्ध हैं। आवश्यकता के अनुसार गुरूघासीदास नेशनल पार्क से ट्रैप कैमरे मंगवाए जाएंगे अथवा चरणबद्ध तरीके से अभ्यारण्य क्षेत्रों में ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे।


**चल रहा है सर्वेक्षण**

वन्य जीव संस्थान द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार मैदानी अमला अभ्यारण्यों के हर बीट का भ्रमण कर मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का आंकड़ा जुटा रहा है। आंकड़े वन्यजीव संस्थान को भेजे जाएंगे। आगामी चरण में ट्रैप कैमरे के माध्यम से वन्य जीवों की उपस्थिति की जानकारी ली जाएगी।

-श्रीनिवास तन्नेटी
उप संचालक, एलिफेंट रिजर्व

## साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमित को मिला युवा रत्न सम्मान

**अंबिकापुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर रायपुर में आयोजित समारोह में सरगुजा जिले के अमित यादव को युवा रत्न सम्मान से नवाजा गया। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अमित को साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुज़ा के सहायक संचालक ने बताया कि जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/संगठन की अनुशंसा कर शासन को भेजा गया। जिसमें सरगुजा जिले से साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अम्बिकापुर घुटरापारा निवासी अमित यादव को राज्य स्तरीय समिति के द्वारा चयन किया गया। 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा 1 लाख नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अजीत वसंत ने अमित को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें कि 26 वर्ष की उम्र में अमित यादव ने ना सिर्फ लेखन किया, बल्कि लेखन के जरिए अपनी पहचान बनाई और छत्तीसगढ़ सरकार से सम्मान पाया है। अमित ने बताया कि उन्होंने लिखने का शुरुआत वर्ष 2017 में की थी। कक्षा 12वीं की पढ़ाई करते हुए बड़े-बड़े लेखकों की रचनाओं को देखकर उन्होंने लेखन का निर्णय लिया। अमित के पिटा जल जीवन मिशन के पानी टंकी में नाईट ड्यटी करते है।





## पूर्व डिप्टी सीएम से मिले नव निर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त ब्लॉकों में कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्षों की नई सूची जारी हो चुकी है जिसमें जिले के समस्त ब्लॉकों के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति मिलने के बाद सभी अपनी टीम के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से मुलाकात की।

पूर्व विधायक खेलसाय सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह के साथ जिले के शहर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज डालमिया, सूरजपुर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष जफर हैदर, सलका ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप राजवाड़े, भैयाथान ब्लॉक अध्यक्ष विधात्री सिंह, ओडगी ब्लॉक अध्यक्ष लवकेश गुर्जर, प्रतापपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र दुबे सहित कांग्रेस की पूरी टीम पूर्व डिप्टी सीएम से मुलाकात किया और आगे की गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही संगठन को मजबूत करने का दिशा निर्देश पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, अखिलेश सिंह, कुमार सिंह देव, राजकुमारी मरावी, निरज तायल, मनोज अग्रवाल, अनवर खान, हेमेंद्र गुप्ता, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मन की बात पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनने का प्रस्ताव

**अम्बिकापुर।** जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने पीएम मोदी के कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण से जनभागीदारी और जन-जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से पंचायत स्तर पर जनसंवाद एवं जागरूकता अभियान प्रारंभ करने हेतु सरगुजा जिपं सदस्य श्रीमती सिसोदिया द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। श्रीमति सिसोदिया ने जिपं सीईओ सरगुजा को पत्र प्रेषित कर यह सुझाव दिया है कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था प्रबंध करना जनहित में उचित होगा। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि मन की बातकार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय है और इसके माध्यम से प्रधानमंत्री देश की उपलब्धियों के साथ-साथ स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, संस्कृति, नवाचार एवं कल्याणकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और प्रेरणादायक रूप में साझा करते हैं। इस कार्यक्रम से समाज के सभी वर्गों-बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग को प्रेरणा और सकारात्मक दिशा मिलती है। मन की बात के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीमति सिसोदिया ने कहा कि पंचायत स्तर पर इस कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण से जनभागीदारी बढ़ेगी, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता सुदृढ़ होगी।



## अग्रसेन स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता



**सूरजपुर।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता अग्रेसन स्टेडियम 13 जनवरी को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला महामंत्री अशोक सिंह रहे। जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता विकासखण्ड से चयनित विभिन्न खेलो में 02 आयु वर्ग के महिलाएं ने भाग लिया। जिला स्तरीय महिला खेलकूद में एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, फुटबॉल और बास्केटबॉल खेलों का आयोजन किया गया।

एथलेटिक्स आयु वर्ग 9-18 वर्ष वाला 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम राजवाड़े, एथलेटिक्स आयु वर्ग 18-35 वर्ष में 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गीतांजली, 400 मी. 9-18 वर्ष दौड़ में प्रथम स्थान पर खुशी, 400 मी. 18-35 वर्ष दौड़ में प्रथम स्थान पर मानती, खो-खो आयुवर्ग 9-18 वर्ष में प्रथम स्थान पर भैयाथान की टीम द्वितीय सूरजपुर की टीम, खो-खो आयुवर्ग 18-35 वर्ष में प्रथम स्थान सूरजपुर की टीम, द्वितीय स्थान भैयाथान की टीम रही, तवाफेक 9-18 वर्ष में प्रथम स्थान पर सुनैना राजवाडे, 18-35 वर्ष में प्रथम स्थान पर चयाकुमारी, फुटबॉल 9-18 वर्ष में प्रथम प्रेमनगर की टीम, द्वितीय भैयाथन की टीम रही, वॉलीबॉल 9-18 वर्ष में प्रथम भैयाथान, द्वितीय ओडगी की टीम रही, वॉलीबॉल 18-35 वर्ष में प्रथम भैयाथान द्वितीय सूरजपुर की टीम रही, बैंडमिंटन 9-18 वर्ष में प्रथम तनुजा रानी, द्वितीय सोफिया परवीन, बैडमिंटन 18-35 वर्ष में प्रथम सुनैना, द्वितीय नितू, बास्केटबॉल में प्रथम सूरजपुर, द्वितीय प्रेमनगर की टीम ने प्राप्त किया, रस्साकस्सी जुनियर वर्ग मे भैयाथान की टीम प्रथम व द्वितीय स्थान पर ओडगी की टीम, सिनियर वर्ग में प्रेमनगर की टीम प्रथम स्थान पर व द्वितीय स्थान पर भैयाथान की टीम रही। अभार जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डे द्वारा किया गया।इस दौरान सीमांचल त्रिपाठी, राजनाथ, राजलाल प्रजापति, बालेन्द्र साहू, रावेन्द्र वर्मा, सेलिना, सुनैना जायसवाल, बलवीर सिंह, आशीष सहित अन्य मौजूद रहे।

## महावीरपुर व संजयनगर में निर्माण कार्यो का केबिनेट मंत्री ने किया लोकार्पण



**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज गुरुवार को गांव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम महावीरपुर एवं संजयनगर का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए,मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जनसमस्याओं का समाधान सीधे जनता के बीच जाकर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को ग्राम महावीरपुर में नाली निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं तथा ग्राम संजयनगर में नवनिर्मित पीडीएस भवन का लोकार्पण किया,उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के ये विकास कार्य ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ जनजीवन को अधिक सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## अनायास थोपे गए नियमों से लोगों को होना पड़ेगा मताधिकार से वंचित : टीएस

**अंबिकापुर।** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने गुरुवार को एसआईआर और मनरेगा बचाओ संघर्ष को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सहित सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की संयुक्त बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को एआईसीसी से जारी हुआ नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी बीएलए अपने-अपने बूथ के बीएलओ के साथ तत्काल संपर्क स्थापित कर प्रभावित होने वाले मतदाताओं की सूची प्राप्त कर बीएलओ के माध्यम से उनके दस्तावेजों को एप में अपलोड कराने का काम करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा अनायास थोपे नए नियमों कारण बडी मात्रा में गरीब और साधन विहीन मतदाता को मताधिकार से वंचित होना पड़ सकता है। चुनाव आयोग का काम प्रत्येक वयस्क को मताधिकार देना है न कि मतदाता सूची में नाम जुडवाने में अवरोध पैदा करना। बता दें कि राजनैतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अंबिकापुर द्वारा यह अनौपचारिक जानकारी दी गई थी कि ए और बी कैटेगरी के ऐसे मतदाता जिनके नाम के अक्षरों का मिलान 2003 की सूची से नहीं हुआ है, ऐसे एक ही पिता नाम से जुड़े 6 से अधिक मतदाता, ऐसे मतदाता जहां पिता पुत्र की आयु का अंतर 15 वर्ष से कम है या 40 वर्ष से अधिक है एवं ऐसे मतदाता जिनके दादा की आयु से अंतर 40 वर्ष से कम हैं जांच के दायरे में है। एसआईआर के प्रक्रिया के प्रारंभ में जारी गाइडलाइन में इन नियमों का उल्लेख नहीं था। पूर्ववर्ती नियम के अनुसार जिस व्यक्ति के स्वयं का नाम 2003 की सूची में था या उसके माता पिता का नाम इस सूची में था, उसे कोई दस्तावेज नहीं देना था, लेकिन नये नियमों को लागू करने के बाद अकेले सरगुजा जिले में लाखों मतदाताओं को दस्तावेज दिखाने पडेंगे। इस काम के लिये 19 जनवरी तक की तिथि निर्धारित की गई है जो कि अपर्याप्त है। नये गाइडलाइन से बैठक को अवगत कराने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने जानकारी दी कि इस विषय में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ ही प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य चुनाव आयुक्त को भी पत्र लिख अविलंब जानकारी एवं सूची मांगी गई है। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय तिर्की, विक्रमादित्य सिंहदेव, रामविनय सिंह, मो. इस्लाम, सिद्धार्थ सिंहदेव, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, प्रदीप गुप्ता पालू, बलराम यादव, अमित सिंहदेव, विक्रम सिंह, प्रदीप गुप्ता, नारद गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, अनीमा केरकेट्टा, ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने एसआईआर व मनरेगा बचाओं संघर्ष को लेकर ली बैठक



## बंद पड़ी बलरामपुर खदान को पुनः शुरू कराने प्रबंधन के साथ बैठक बेनतीजा

**बिश्रामपुर।** बंद पड़ी बलरामपुर खदान को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर प्रबंधन और श्रमिक संगठन के बीच चली आ रही खींचतान अब और तेज होती नजर आ रही है। गुरुवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित अहम बैठक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी, जिसके बाद श्रमिक संगठन एचएमएस ने अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। बैठक में प्रबंधन और एचएमएस संगठन के प्रतिनिधियों के बीच लंबी चर्चा हुई। प्रबंधन की तरफ़ से यह आश्वासन दिया गया कि बलरामपुर खदान को अप्रैल माह तक पुनः चालू कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं और इस संबंध में श्रमिक संगठन द्वारा पूर्व में दिए गए पत्र को कोल मुख्यालय भेज दिया गया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने यूनियन प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि खदान संचालन को लेकर उच्च स्तर पर विचार चल रहा है, हालांकि एचएमएस संगठन इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं दिखा। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय और समयबद्ध कार्रवाई चाहिए,इसी कारण संगठन ने अपने चरणबद्ध आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया है,इसके तहत आज 16 जनवरी से क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने की बात कही गई है,बैठक में प्रबंधन की तरफ़ से क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह, कार्मिक प्रबंधक एसकेपी शिंदे और हरेंद्र तिवारी मौजूद रहे, वहीं श्रमिक संगठन की ओर से रामाशीष पाल, देवेंद्र मिश्र, परमजीत सिंह, लखन कुर्रे, नरेंद्र सिंह चौहान, अरविंद सिंह, शिवाकांत मिश्र और शैलेन्द्र सिंह ने संगठन का पक्ष रखा। गौरतलब है कि इससे पहले 9 जनवरी को भी एचएमएस संगठन ने बलरामपुर और कुमदा की बंद खदानों को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था।बावजूद इसके अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आने से श्रमिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।बलरामपुर खदान का संचालन बंद रहने से न सिर्फ श्रमिकों के रोजगार पर असर पड़ा है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं

## मनरेगा बचाओ संग्राम जनसंपर्क अभियान की शुरूआत

**वाड्रफनगर।** मनरेगा बचाओ संग्राम अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत मंगलवार को की गई। छग सह प्रभारी अभियान जारिता लैतफ्लांग की उपस्थिति में रूपपुर एवं कुंडी ग्राम पंचायत से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर एवं ग्रामीण शामिल हुए। उपस्थित लोगों को मनरेगा के महत्व, उसके संरक्षण एवं विस्तार की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को समाप्त किए जाने के विरोध में जनसमर्थन व्यक्त किया गया। इस दौरान हरिहर प्रसाद यादव, सुषमा यादव, पप्पू जायसवाल, अजय यादव, अमित यादव, नंदलाल सिंह, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नव वर्ष को लेकर व्यापारी संघ में आयोजित किया मिलन समारोह

**प्रतापपुर।** नववर्ष के अवसर पर व्यापारी संघ द्वारा व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने नगर के व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में नई ऊर्जा भर दी। होटल राजघराना में आयोजित यह भव्य शाही मिलन समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यापारी समाज की एकता, आत्मीयता और संगठनात्मक शक्ति का ऐतिहासिक उत्सव बनकर सामने आया।

आयोजन की अगुवाई व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजेश गुप्ता ने की। बिलासपुर से आमंत्रित कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मनमोहक नृत्य, मधुर संगीत और आकर्षक मंच सज्जा ने माहौल को पूरी तरह शाही बना दिया।



देर रात तक चले इस आयोजन में व्यापारी, अतिथि और लोग संगीत की धुनों पर झूमते नजर आए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, व्यापारी संघ उपाध्यक्ष हरिशंकर गर्ग, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह,जन भागीदारी अध्यक्ष गुलाब मोहन तिवारी, आनंद शुक्ला, नवीन सोनू जायसवाल, हरी गुप्ता, प्रतिमा सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे,अंकुर जायसवाल, कृष्ण मुरारी शुक्ला, चंद्रिका कुशवाहा, दीपक मित्तल, प्रफुल्लगुप्ता, पप्पल जायसवाल, पप्पू हाशमी, अशोक गुप्ता, रमेश गुप्ता, पंकज चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र कश्यप, शामलेश गुप्ता, विकास गुप्ता, राजेश जयसवाल, अंकुर बंसल, अमित सिंघल, हरि संतोष मित्तल सहित अन्य उपस्थित थे।




# एक दिन का पहला पोस्टर जारी रोमांटिक अंदाज में नजर आईं साई

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैर खान की फिल्म 'एक दिन' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। एक्टर के साथ रोमांटिक अंदाज में साई पल्लवी नजर आईं। महाराज और लवयापा जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके जुनैद खान की आगामी बॉलीवुड फिल्म एक दिन' का पहला पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने गुरुवार 'एक दिन' की रिलीज की जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। आमिर खान प्रोडक्शंस ने 15 जनवरी को 'एक दिन' का पहला पोस्टर जारी किया। इसमें जुनैद खान और साई पल्लवी बर्फबारी में रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों बर्फबारी में कड़ाके की ठंड के बीच आइसक्रीम खाते दिखाई दे रहे हैं।

लाइफ Style

# मिनिषा

## दोस्तों के साथ ट्रिप पर निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं लोकप्रिया अभिनेत्री अपने दोस्तों के साथ हाल ही में यात्रा पर निकलीं। उन्होंने वेकेशन की कुछ फोटोज फैंस के साथ शेयर की हैं। ये एक्ट्रेस रणबीर कपूर और इमरान खान जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी हैं।

रणबीर कपूर और इमरान खान जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी एक एक्ट्रेस इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर हैं। मगर, इसके बावजूद खूब लाइमलाइट में रहती हैं। खासकर, सोशल मीडिया पर वे नियमित रूप से तस्वीरें और वीडियो शेयर करती दिखती हैं। अपने हालिया पोस्ट में उन्होंने दोस्तों के साथ फोटोज शेयर की हैं। हम जिनकी बात कर रहे हैं, वो दरअसल, मिनिषा लांबा हैं। वे इन दिनों दोस्तों के साथ सैर-सपाटे पर निकली हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज साझा किए हैं। इनमें वे समुद्र किनारे दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताती दिख रही हैं। मिनिषा 18 जनवरी को अपना बर्थडे सेलिब्रेट करेंगी, उससे पहले उन्होंने दोस्तों के साथ यह ट्रिप प्लान की है। मिनिषा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए पोस्ट के साथ एक नोट लिखा है। इसमें अपने खास दोस्तों का जिक्र किया है, जिनके साथ ट्रिप मजेदार रही। मिनिषा लिखती हैं, 'दुनिया में सिर्फ पांच लोग हैं, जिनके लिए मैं 17 घंटे की देरी की फ्लाइट भी सह लूंगी। उनमें से एक आस्था शर्मा हैं'। मिनिषा ने आगे अपने भाई करण लांबा का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा है, 'सबसे अच्छा ट्रिप प्लानर करण लांबा, जिसने इतने बड़े ग्रुप के लिए छुट्टी का सारा प्रैक्टिकल काम किया'।



## हॉलीवुड मसाला



# परिवार की रक्षा के लिए बनीं क्रूर समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस की नई अंतरराष्ट्रीय फिल्म 'द ब्लफ' का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में प्रियंका, कार्ल अर्बन के साथ जबरदस्त एक्शन करती नजर आईं। ट्रेलर में पहली बार उनके किरदार एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बॉडेन की झलक दिखाई गई है। यह फिल्म 25 फरवरी को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। 'द ब्लफ' के ट्रेलर में प्रियंका एक खूंखार महिला समुद्री डाकू (पाइरेट क्वीन) के रूप में नजर आ रही हैं। उनके शरीर पर जख्म के निशान हैं, खून से सनी लड़ाइयां हैं, और बहुत शानदार एक्शन सीन हैं।



# सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड अभिनेत्री बनीं

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री जोई सल्डाना हॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। अभिनेत्री जोई सल्डाना हॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। यह कामयाबी उन्हें उनकी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बाद मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट 'नंबर्स', के मुताबिक सल्डाना ने 33 फिल्मों से 15.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए हैं। यानी हर फिल्म से उनकी लगभग 469 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई हुई है। जोई सल्डाना ने 2025 में फिल्म 'एमिलिया पेरेज' में अपनी परफॉर्मेंस के लिए अपना पहला ऑस्कर अवॉर्ड जीता।



# दिशा-तलविंदर की डेटिंग की खबरें जोरों पर

**मुंबई।** सिंगर और म्यूजिक प्रोड्यूसर तलविंदर तब सुर्खियों में छा गए जब इंटरनेट पर लोगों ने नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन की शादी में दिशा पाटनी को उनका हाथ पकड़े देखा। वीडियो वायरल होने के बाद से इस जोड़ी के बारे में खूब बातें हो रही हैं। हालांकि, इस जोड़ी ने अभी तक इन अफवाहों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन खबरों ने तलविंदर को चर्चा में ला दिया है। दिशा पाटनी और पंजाबी सिगर तलविंदर को लेकर डेटिंग की खबरें जोरों पर हैं। कहा गया कि पहली बार नूपुर और स्टेबिन की शादी के वायरल वीडियो में आखिरकार सिंगर का चेहरा सामने आ गया है, इंटरनेट पर लोगों का मानना है कि यह व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि पंजाबी गायक तलविंदर हैं। नूपुर और स्टेबिन की शादी के वीडियो को देखने के बाद कई लोगों को पता चला है कि तलविंदर कैसे दिखते हैं।



# पहली बार एक साथ करेंगे काम...

**नई दिल्ली।** विद्युत जामवाल और टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड इंडस्ट्री को दो ऐसे कलाकार हैं, जो रियल लाइफ में मार्शल आर्ट्स के मामले में अव्वल माने जाते हैं। जहां एक तरफ फोर्स में विद्युत ने जॉन अब्राहम के सामने अपना दम दिखाया था, वहीं वॉर में टाइगर ने ऋतिक रोशन को कड़ी चुनौती पेश की थी। अब खबर आ रही है कि आने वाले समय में विद्युत जामवाल और टाइगर श्रॉफ एक साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए नजर आ सकते हैं। एक लव स्टोरी एक्शन थ्रिलर को लेकर इनका नाम सुर्खियां बटोर रहा है। हिंदी सिनेमा में एक्शन के मामले में टाइगर श्रॉफ और विद्युत जामवाल दोनों ही ऐसे अभिनेता है, जिन्होंने इस जॉनर में समय के साथ स्वयं को लगातार साबित है। अब यह दोनों अभिनेता एक साथ एक फिल्म में काम करने जा रहे हैं।

## टीवी मसाला



# 'द 50' के पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट का नाम आया सामने

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'द 50' के पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट का नाम सामने आ गया है। टीवी एक्टर करण पटेल इस शो में हिस्सा लेने जा रहे हैं। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ये बात कन्फर्म की है। उन्होंने लिखा, 'एक शेर को दूसरे शेर का बुलावा आया है।..एक्साइटमेंट भी है।..और सवाल भी। 'द 50' 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर।''द 50' 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर आएगा। इस फिल्ममेकर, यूट्यूबर और कोरियोग्राफर फराह खान होस्ट करने वाली हैं। इस शो में कुल 50 सेलेब्स पार्टिसिपेट करने वाले हैं। वे 50 दिनों तक एक घर में रहेंगे और टास्क परफॉर्म करेंगे। 'बिग बॉस की तरह इस रिएलिटी शो में भी एलिमिनेशन होंगे। करण पटेल के अलावा धनश्री वर्मा, प्रतीक सहजपाल, सबा आजाद, एमीवे, ओरी, श्वेता तिवारी, अंकिता लोखंडे, कुशा कपिला, अंशुला कपूर, तान्या मित्तल, शिव ठाकरे, उर्फी जावेद, मिस्टर फैसु, निक्की तंबोली, अरबाज़ पटेल, श्रीसंत, करण पटेल, रिद्धि डोगरा, मल्लिका शेरावत, विवियन डीसेना और जय भानुशाली को भी अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक अन्य कन्फर्म कंटेस्टेंट्स के नाम सामने नहीं आए हैं। बिग बॉस पर्सनैलिटी और रिश्तों का शो है। 'द 50' स्ट्रेंथ का शो है। बिग बॉस में सिर्फ 16 से 18 कंटेस्टेंट्स होते हैं। 'द 50' में 50 कंटेस्टेंट्स रहेंगे। 'बिग बॉस' के घर में किचन और डायनिंग हॉल था, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक 'द 50' में किचन और डायनिंग नहीं रहेगा।

## सुनील ग्रोवर ने चूल्हे पर बनाईं रोटियां

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में सुनील ग्रोवर चूल्हे पर रोटी बनाते नजर आ रहे हैं। फैंस को सुनील का ये अंदाज बहुत पसंद आया है। कपिल शर्मा के शो में कभी गुत्थी तो कभी डॉक्टर मशहूर गुलाटी बनकर फैंस को हंसाने वाले सुनील ग्रोवर ने अब एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में सुनील ग्रोवर किसी किरदार में नहीं बल्कि सुनील ग्रोवर नजर आ रहे हैं। वीडियो में सुनील चूल्हे पर रोटीयां बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर उनके फैंस से लेकर सिलेब्स तक ने रिएक्शन दिया है। सुनील ग्रोवर ने जो वीडियो पोस्ट किया है उसमें वो जमीन पर बैठे हैं। रोटी बेलते नजर आ रहे हैं और रोटियां सेंकते नजर आ रहे हैं। वीडियो में प्लेबैक में रांझया वे गाना भी सुनाई पड़ रहा है। रणवीर बरार ने भी कमेंट किया है।



# एआई ने तैयारी की धुरंधर की तस्वीर, हमजा बने अमिताभ

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म धुरंधर को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। फिल्म ने धांसू कलेक्शन किया वहीं किरदार के अलावा इसके गाने भी खूब पॉपुलर हुए। फिल्म ने 813.6 करोड़ का कलेक्शन किया जबकि वर्ल्डवाइड इसका कलेक्शन 1269.1 करोड़ के आसपास हुआ। वहीं, इस पर कई सारे मीम्स भी बने। अब भला यूजर्स कैसे पीछे रहने वाला। उन्होंने एआई की मदद से कुछ तस्वीरें बनाई हैं। ये एआई तस्वीरें इस जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म धुरंधर को स्टाइलिश लुक के साथ 1980 के दशक की एक हाई-ऑक्टेन बॉलीवुड फिल्म के रूप में फिर से प्रस्तुत कर रही हैं। फैंस इन तस्वीरों को देखकर काफी एक्साइटेड हैं। मिस्टर हैलरॉकर के नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चलाने वाले शौविक रूज ने एआई की मदद से तैयार की हैं। एक तस्वीर में अमिताभ बच्चन को एक गंभीर भाव के साथ दिखाया गया है, जो उनकी 'दीवार' और 'शक्ति' फिल्मों के दिनों की याद दिलाता है। ऑलिव ग्रीन कॉस्ट्यूम पहने अमिताभ बच्चन हमजा के रोल में नजर आए जो किरदार रणवीर सिंह ने निभाया था। उनके सिगरेट पीने का अंदाज बहुत ही बेहतरीन लग रहा है। उन्हें मैच करते हुए अगली तस्वीर विनोद खन्ना की थी, जिन्हें रहमान डकैत का रोल दिया गया। ओरिजनल मूवी में ये किरदार उनके बेटे अक्षय खन्ना ने निभाया है। तस्वीर में विनोद खन्ना ब्लैक कलर के पठानी में एविएटर लगाए नजर आए।



# 2026 की सबसे महंगी फिल्में, हैरान कर देगा बजट

**नई दिल्ली।** 2026 में बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों की लिस्ट देखकर आप हैरान रह जाएंगे। इस साल कई बड़े बजट की फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिन पर करोड़ों रुपयों का खर्च हुआ है। ये सभी फिल्में बॉलीवुड के बड़े सितारों से सजी हैं और इनका बजट इतना बड़ा है कि पिछले कई साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ देता है। 2026 बॉलीवुड के लिए धमाकेदार साल साबित होने वाला है। क्योंकि, इस साल फिल्मों के बड़े बजट, बड़े सितारे और बड़े क्लैश देखने को मिलेंगे। ये सभी फिल्में कुल मिलाकर 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा के बजट में बनी हैं। इनमें स्टार्स की फीस भी बहुत बड़ी है। इस लिस्ट में शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे सुपरस्टार्स शामिल हैं।

**रामायण** : निर्देशक नितेश तिवारी की 'रामायण' का कथित बजट लगभग 900 करोड़ रुपये के आस पास है। 'रामायण' का पहला भाग इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग 2027 में रिलीज होगा। नमित मल्होत्रा द्वारा निर्मित इस महाकाव्य में रणबीर कपूर (भगवान राम), यश (रावण), और साई पल्लवी (माता सीता) के किरदार में नजर आएंगे। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दोनों पार्ट्स (पार्ट 1 और पार्ट 2) का कुल बजट 4000 करोड़ तक बताया गया है। इस फिल्म के लिए रणबीर दोनों भागों के लिए कुल 150 करोड़ रुपए फीस चार्ज कर रहे हैं।

**किंग** : निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' का कथित बजट लगभग 300 करोड़ रुपए है। इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। कथित तौर पर इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी नजर आ सकती हैं। इस फिल्म के लिए शाहरुख 150-250 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं।



**धुरंधर 2** : धुरंधर की सफलता के बाद धुरंधर 2 इस साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त और सारा अर्जुन नजर आएंगे। इस एक्शन फिल्म के पहले पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर आसानी से 800 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जो अभी भी जारी है। 'धुरंधर 2' का बजट लगभग 250 करोड़ रुपए है, जो इस साल मार्च में रिलीज होगा। इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह ने 30 से 50 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं।

**बॉर्डर 2** : बॉर्डर 2 का बजट लगभग 230 करोड़ रुपए के आस पास है। सनी देओल की देशभक्ति वाली यह फिल्म 1971 के युद्ध पर आधारित है। इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे सितारे हैं। यह जनवरी 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म के लिए सनी देओल ने 50 करोड़ रुपए फीस ली है।

**बैटल ऑफ गलवां** : मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का बजट लगभग 200 करोड़ रुपए है। यह एक वॉर फिल्म है, जो गलवां घाटी की घटना पर आधारित है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में देशभक्ति और एक्शन का धमाका देखने को मिलेगा।

## वरुण धवन निभा रहे रोल, 23 जनवरी को रिलीज होगी बार्डर 2

# कहानी परम वीर मेजर होशियार सिंह की, 350 दुश्मनों के बने थे काल

*__नई दिल्ली।__ सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी से सजी फिल्म 'बॉर्डर 2' गणतंत्र दिवस के ठीक पहले 23 जनवरी को रिलीज होगी। इसमें वरुण धवन को लेकर इंटरनेट पर कुछ ज्यादा ही बातें हो गईं। पहले तो उन्हें बहुत भला-बुरा कहा गया, लेकिन फैंस उनकी एक्टिंग की तारीफ भी कर रहे हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि वरुण जिस दिग्गज सैनिक होशियार सिंह का रोल प्ले कर रहे हैं, वो कौन थे!*

## मेजर होशियार सिंह कौन हैं

सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की आगामी फिल्म 'बॉर्डर 2' कुछ ही दिनों में 23 जनवरी को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुए लोंगेवाला वॉर पर आधारित थी। अब नए पार्ट यानी 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चा है कि इस फिल्म में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर ध्यान दिया जाएगा। युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए दुश्मन पर हमला करते हुए सेना, नौसेना और वायु सेना तीनों को दिखाया जाएगा। इसमें वरुण धवन मेजर होशियार सिंह का किरदार निभा रहे हैं, जिनकी बहादुरी के किस्से हर किसी को जानना चाहिए। उनकी वीरता की कहानी आपको भी भावनाओं से भर देगी।

## घायल होने के बावजूद लड़ाई लड़ी

वरुण धवन ने 3 ग्रेनेडियर्स के मेजर होशियार सिंह दहिया का रोल प्ले किया है, जिन्हें युद्ध के दौरान उनकी वीरता के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। होशियार सिंह ने एक पुराने इंटरव्यू में बसंतर के युद्ध के दौरान घटी घटनाओं को याद किया था, जिसमें उन्होंने घायल होने के बावजूद लड़ाई लड़ी और सरकार ने उन्हें सम्मानित भी किया। इसी युद्ध में द्वितीय लेफ्टिनेंट अरुण खेतरपाल शहीद हो गए थे। अरुण के जीवन पर बेस्ड फिल्म 'इक्कीस' इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## बसंतर की लड़ाई की कहानी सुनाई

1997 में रिकॉर्ड किए गए एक इंटरव्यू में होशियार सिंह ने बसंतर की लड़ाई की कहानी सुनाई, जिसमें कई पाकिस्तानी टैंक नष्ट हो गए और उनके कई सैनिक शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें पाकिस्तान की सीमा में आने और बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था। यह पुल सीमा से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित था। मेजर होशियार बाईं ओर की कमान संभाल रहे थे और उन्हें जरपाल गांव पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था, जिस पर पाकिस्तानी सेना का कब्जा था। उन्होंने इस क्षेत्र के आसपास बारूदी सुरंगें बिछाई थीं और यहां टैंक और गोला-बारूद तैनात किए थे।

**दुश्मन सेना कब्जा नहीं करने दे रही थी** : 15 दिसंबर को रात 10 बजे उन्हें नदी पार करके गांव पर कब्जा करने का आदेश मिला। तमाम मुश्किलों के बावजूद, उन्होंने नदी पार की और रात 12 बजे तक उस इलाके पर कब्जा कर लिया। यह बहुत कठिन था क्योंकि दुश्मन सेना भारतीय सेना को इस जगह पर कब्जा नहीं करने दे रही थी और अगर पाकिस्तानी इस जगह को खो देते, तो भारतीय सेना जानती थी कि वे इस पर दोबारा कब्जा करने के लिए जी-जान से लड़ेंगे।

**केवल 2 घंटे में गांव पर किया कब्जा** : होशियार सिंह ने याद करते हुए बताया कि यह इलाका इतने कम समय में अपने कंट्रोल में लेना उनके लिए बहुत दबाव भरा था। उन्हें बताया गया था कि उन्हें 12 बजे तक गांव पर कब्जा करना है, और नदी पर पुल बनाने के लिए उनके पास भोर तक का ही समय था ताकि भारतीय टैंक इलाके में जा सकें। इसी वक्त में उन्हें सभी बारूदी सुरंगों को भी साफ करना था।

## रिटायरमेंट और निधन

उन्होंने याद किया कि 18 दिसंबर को पाकिस्तान का एक ब्रिगेड कमांडर सफेद झंडा लहराते हुए आया। उसने पाकिस्तानी सैनिकों के शव मांगे और घोषणा की कि वे अब पीछे हट रहे हैं। इस समय तक दोनों सरकारों की तरफ से युद्धविराम की घोषणा हो चुकी थी। मेजर होशियार सिंह ने बताया कि युद्धविराम के बाद भारतीय ब्रिगेड कमांडर भी आए और उन्होंने मैदान का जायजा लिया, जबकि होशियार घायल पड़े थे। उन्हें बताया गया कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। होशियार सिंह 1988 में भारतीय सेना से रिटायर हुए। 1998 में 61 की उम्र में उनका निधन हो गया।

## खबर संक्षेप

### सर्वश्री समूह शाखा ने किया कंबल वितरण



**बैकुण्ठपुर।** सर्वश्री समूह शाखा बैकुंठपुर के तत्वावधान में ग्राम पंचायत नरकेली के लाल मटिया पारा में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री समूह बैकुंठपुर तलवापारा के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के असहाय एवं गरीब परिवारों के सदस्यों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता कर मानव सेवा को बढ़ावा देना रहा। कंबल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नरकेली के सरपंच एवं सचिव की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने इस प्रकार के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए सर्वश्री समूह के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम के दौरान समूह के सभी सदस्यों ने सामाजिक दायित्व निभाने का संकल्प दोहराया और भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रखने की बात कही।

### 24 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बैकुण्ठपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 में संशोधित प्रावधानों में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अपर कलेक्टर द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### जिला स्तरीय निर्णायक समिति का गठन

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में जिला स्तरीय निर्णायक समिति का गठन किया गया है। यह समिति प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छग, रायपुर के निर्देशानुसार गठित की गई है। जिला स्तरीय निर्णायक समिति में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे को अध्यक्ष तथा जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे को सचिव नियुक्त किया गया है।

### राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्षल पंचोली ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन राजपत्र (असाधारण) की कंडिका क्रमांक 48 की उप कंडिका क्रमांक 48:1 में प्रकाशित वर्ष 2025-26 के आबकारी व्यवस्था में अधिसूचित शर्तों, निर्बन्धों व विहित प्रक्रिया के अनुक्रम में 25 जनवरी को कंपोजिट मदिरा दुकान बंद होने के समय से अर्थात रात्रि 11:30 बजे से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को संपूर्ण दिवस के लिए अनूपपुर जिले के समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों एफएल-3 एवं देशी मद्यभाण्डागार को बंद रखे जाने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

### आवेदन की अंतिम तिथि अब 20 तक

**अनूपपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी, किंतु तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी कर दिया गया है।

### गिरारी में पर्यटन जागरूकता कार्यशाला

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा ग्राम पंचायत गिरारी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरारी में पर्यटन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान पर्यटन प्रबंधक ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों नर्मदा मंदिर अमरकंटक, पुरातात्विक स्थल प्राचीन मंदिर समूह अमरकंटक, श्रीयंत्र मंदिर, जैन मंदिर, कपिलधारा, दुग्धधारा जलप्रपात, गणेश मंदिर एवं प्राचीन शिव मंदिर बहगढ़ धरहरकलां की विस्तृत जानकारी दी और पर्यटन स्थलों में आदर्श पर्यटक आचरण अपनाने की शपथ दिलाई।

## कैटेगरी सी के मतदाताओं के लिए लगा था शिविर

# रामगढ़ में 82 वर्षीय वृद्ध पहुंचे विशेष गहन पुनरीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छग राज्य में निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सोनहत विकासखंड के दूरस्थ एवं नेटवर्क विहीन क्षेत्र ग्राम रामगढ़ में 15 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कैटेगरी सी के उन मतदाताओं के लिए आयोजित किया गया, जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से लिंक नहीं पाया गया था।

भौगोलिक कठिनाइयों एवं दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सोनहत द्वारा स्वयं ग्राम में पहुंचकर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 48 मतदाता अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए और सत्यापन कराया। इस दौरान 82 वर्षीय वृद्ध श्रीमती दागुलाई बाई मानिकपुरी, निवासी रामगढ़, स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराया, जो मतदाता जागरूकता का सराहनीय उदाहरण है, इसके अतिरिक्त 60 प्रतिशत दिव्यांग महिला मतदाता सुश्री तारा कुमारी की चलने में असमर्थता को देखते हुए तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार राठौर स्वयं मतदाता के निवास स्थान पर पहुंचे और उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया। शिविर के माध्यम से लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं का सफलतापूर्वक दस्तावेज सत्यापन किया गया। शेष 20 प्रतिशत अनुपस्थित मतदाताओं से संपर्क कर सत्यापन कराने की प्रक्रिया संबंधित बीएलओ के माध्यम से जारी है।



## वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा कल

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



खान सुरक्षा निदेशालय रायपुर, जबलपुर, बिलासपुर 1 एवं बिलासपुर 2 क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल एवं अन्य कोयला संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह 18 जनवरी रविवार को दोपहर 2:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्रमवीर स्टेडियम, चरचा कॉलरी, बैकुंठपुर क्षेत्र छग में होगा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद उज्जवलता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल बिलासपुर हरीश दुहन करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामावतार मीना, उप महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिमी अंचल तथा नीरज कुमार उप महानिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तरी अंचल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत, सुरक्षा स्टॉल का निरीक्षण, सुरक्षा ध्वजारोहण, सुरक्षा दीप प्रज्जवलन, अतिथियों का संबोधन, पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, तथा सुरक्षा ध्वज का हस्तांतरण किया जाएगा।

समारोह में उपस्थित एन. फ्रैंकलीन जयकुमार निदेशक तकनीकी/संचालन एसईसीएल बिलासपुर, बिरंची दास निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिलासपुर, दरला सुनील कुमार निदेशक वित्त एसईसीएल बिलासपुर, हिमांशु जैन मुख्य सतर्कता अधिकारी एसईसीएल बिलासपुर, आरसी महापात्र निदेशक तकनीकियों एवं परिक्षेत्र एसईसीएल बिलासपुर, खान सुरक्षा निदेशालय के अधिकारी विपुल तिवारी घटियार खान सुरक्षा निदेशक रायपुर क्षेत्र, एमसी जायसवाल खान सुरक्षा निदेशक जबलपुर क्षेत्र, मुकेश कुमार मिश्रा खान सुरक्षा निदेशक बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 1, रजेश कुमार सिंह खान सुरक्षा निदेशक बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 2, अन्य अधिकारी प्रकाश राय महाप्रबंधक सुरक्षा एवं बचाव एसईसीएल बिलासपुर, वीएन झा क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सहित आयोजकों ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों से समारोह में उपस्थित होकर खान सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं संरक्षा के संदेश को सुदृढ़ करने की अपील की है।

## रासेयो के विशेष सात दिवसीय शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा की राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में ग्राम पंचायत सिरौली में आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ उत्साह और सामाजिक चेतना के वातावरण में किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक दायित्वबोध और राष्ट निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना है। शुभारंभ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरौली के सरपंच मदन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ उप सरपंच मयंक सिंह, पंच श्रीमती रेशमा खातून, पंच रामलाल केवट सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और एनएसएस बैज लगाकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बलराज पाल ने अपने उद्बोधन में राष्टीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ जीवन मूल्यों, अनुशासन और समाज सेवा से जोड़ती है। उन्होंने शिविरार्थियों से सातों दिन पूरे मनोयोग से सहभागिता करते हुए ग्राम विकास और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला सिरौली के प्रधान पाठक चौहथा, वरिष्ठ व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी, व्याख्याता कमलेश कुमार पांडे, अश्विनी कुमार दुबे तथा शिविर के कार्यक्रम अधिकारी नित्यानंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

## पोड़ी बचरा में आयुष मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कोरिया जिले के पोंड़ी बचरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जिल्दा हॉट बाजार में 10 जनवरी को द्वितीय विकासखंड आयुष मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि सभापति श्रीमती स्नेहलता उदय एवं जनपद उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू तथाा सरपंच ग्राम पंचायत जिल्दा नंदेश्वरी सिंह द्वारा भगवान धन्वंतरी एवं छग महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया श्रीमती कलावती मरकाम, उप सरपंच प्रवेश जायसवाल, धनसाय सलाम, राधेश्याम सिंह, भान प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजित शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ.एनवीना ग्रेस टोप्पो ने शिविर का उद्देश्य जन जन-तक आयुष सेवाओं का प्रसार एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वृद्धजन के स्वास्थ्य की देख रेख, मौसम के अनुरूप आहार विहार एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारियों आदि के बारे में विस्तार से बताया।

शिविर में वात रोगियों का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से किया गया। इस अवसर पर 48 वात मरीजों को लाभ पहुंचाया गया और 30 से अधिक आयु के मरीजों की एनसीडी जांच किया गया। शिविर में आयुर्वेद पद्धति से कुल 398 रोगी, होम्योपैथी से 56 रोगी एवं युनानी पद्धति से 67 कुल लोगों की जॉच कर औषधियां प्रदान की गई। शिविर में डॉ. मनोज सिंह तोमर, डॉ. बीके गुप्ता, डॉ.ओमकली, डॉ. तमन चंद्रवंशी, डॉ. खिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ.नाजिया अंसारी, डॉ. श्रृष्टि गुप्ता,डॉ. अंजली, डॉ.सौरभ सिंह के द्वारा आमजन का परीक्षण किया गया। वहीं राजेश सिंह विश्वकर्मा, डाकेश्वर,श्रीमती तारामनी बेक फार्मासिस्ट के द्वारा औषधियों का वितरण किया गया। इसमें कुलवंत बेक, सुभाष तिग्गा, पीताम्बर सिंह का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजित शिविर में एसएन बनर्जी पूर्व बीईई विकासखंड खड़गवॉ एवं सीएचओं आयुष्मान आरोग्य मंदिर जिल्दा श्रीमती देवमती ने शिविर में अपना विशेष सहयोग दिया। शिविर के अंत में शिविर प्रभारी डॉ.राजेश सिंह यादव के द्वारा उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

## जमगहना बाजार में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे लगातार जनसंपर्क अभियान के क्रम में शुक्रवार को जमगहना साप्ताहिक बाजार में आमसभा आयोजित की गई। साप्ताहिक बाजार में दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीण और मनरेगा श्रमिक इस आमसभा को सुनने पहुंचे। आमसभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लाया गया वीबीजीरामजी कानून मनरेगा को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया श्रमिक विरोधी कदम है। उन्होंने बताया कि मनरेगा अब अधिकार आधारित कानून नहीं रह गया है, बल्कि इसे सरकार की मर्जी पर चलने वाली योजना में बदला जा रहा है। कांग्रेस वक्ताओं ने मंच से कहा कि जब पिछले कई वर्षों में सरकार 100 दिन का रोजगार भी सुनिश्चित नहीं कर पाई, तो 125 दिन काम देने के दावे केवल भ्रम फैलाने का प्रयास हैं। उन्होंने बताया कि नए कानून में बरसात और फसल के मौसम में काम सीमित या बंद रखने का प्रावधान है, जिससे मजदूरों को साल के बड़े हिस्से में बेरोजगार रहना पड़ेगा। सभा में यह बात भी रखी गई कि नए कानून के जरिए केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटते हुए आर्थिक बोझ राज्यों पर डाल रही है, जिससे मनरेगा कार्य धीरे-धीरे बंद होने की स्थिति में पहुंच सकता है। कांग्रेस ने इसे गरीबों के काम के संवैधानिक अधिकार पर सीधा हमला बताया। इस अवसर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी राजवाड़े, वरिष्ठ कांग्रेसी हेमसागर यादव, गणेश राजवाड़े, गणेश जायसवाल, धीरज सिंह, रमेश देवांगन, एजाज गुड्डू, एसएन मोदी, अजीमुल्ला आदि मौजूद रहे।

## सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



14 जनवरी को सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस का आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर के सभागार में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कोरिया जिले के थल सेना, वायु सेना एवं जल सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भूतपूर्व कमांडर जल सेना एवं भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड जिला-कोरिया के अधिकारी कमांडर रंजीत सिंह बिस्ट, थल सेना से कैप्टन आरएस तिवारी, सूबेदार मेजर सुनील सिंह तथा वायु सेना से सार्जेण्ट राकेश शिवहरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में सूबेदार मेजर सुनील सिंह ने विद्यालय से प्राप्त शिक्षा एवं लद्दाख-कश्मीर सहित कारगिल युद्ध के अनुभव साझा किए। कमांडर रंजीत सिंह बिस्ट ने जल सेना की पनडुब्बी में कठिन परिस्थितियों में किए गए सैन्य जीवन का वर्णन किया। सार्जेण्ट राकेश शिवहरे ने 1971 के युद्ध में दी गई सेवाओं को याद करते हुए देशभक्ति का संदेश दिया। कैप्टन आरएस तिवारी ने 1965 एवं 1971 के युद्धों में भारतीय सेना की विजय में योगदान की जानकारी दी। एसएमडीसी सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार गीता प्रसाद नेमा ने स्वरचित देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। अंत में अतिथियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. ताहिर आजमी ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य द्वारा किया गया। समापन एनसीसी गीत एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। इसी क्रम में 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस के अवसर पर मिनी स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक में सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे विशिष्ट अतिथि एवं लेफ्टिनेंट कर्नल जेके देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनसीसी ट्रूप बैकुंठपुर के कैडेट्स द्वारा शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किया गया।

## 17.40 किमी लंबी मनेन्द्रगढ़ से चिरमिरी तक बदलेगा स्वरुप

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मनेन्द्रगढ़ (चैनपुर) से चिरमिरी (साजापहाड़) तक लगभग 17.00 किमी लंबाई की सड़क, जिसकी वास्तविक लंबाई 17.40 किमी है, इसके चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत सड़क के साथ-साथ आवश्यक पुल-पुलियों का निर्माण भी किया जाना है, जिससे क्षेत्र में आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम एवं तेज हो सकेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ द्वारा 2 जनवरी को विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा अनुमोदित किया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए तहसील मनेन्द्रगढ़ के ग्राम मेण्ड्राडोल, परसगढ़ी एवं चैनपुर की भूमि प्रस्तावित की गई है। इन ग्रामों में परियोजना से प्रभावित होने वाली भूमि के संबंध में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी, तकनीकी अथवा प्रशासनिक जटिलता उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रस्तावित खसरा नंबरों की भूमि पर आगामी आदेश पर्यन्त तक खरीदी-बिक्री, नामांतरण, खाता विभाजन, व्यपवर्तन एवं अन्य किसी भी प्रकार के भूमि संबंधी संव्यवहार पर पूर्णतः अस्थायी रोक लगाई गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि यह रोक केवल परियोजना की पारदर्शी एवं निष्पक्ष भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाई गई है, ताकि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और प्रभावित भूमि स्वामियों को शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप उचित प्रतिकर प्राप्त हो सके।

## नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्षों का सम्मान




**मनेन्द्रगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी द्वारा जिले के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान समारोह एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर जोश और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़ शहरी से सौरव मिश्रा, मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण से रामनरेश पटेल, चिरमिरी से शिवांश जैन, खड़गवां से युधिष्ठिर सिंह, जनकपुर से अंकुर सिंह तथा कोटाडोल से रामू सिंह का कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। उपस्थितजन ने सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को उनके दायित्व के लिए बधाई दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जल जीवन मिशन...

स्वीकृत आवासों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। राज्य से प्राप्त लक्ष्य 3451 आवासों को विशेष योजना के तहत 30 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सबसे खराब प्रगति वाले पंचायतों के सचिवों पर कार्रवाई करते हुए उनके वेतन की आंशिक रोक लगाई गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैठक में सर्वसंबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्णता के पश्चात उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग नवल सिंह रावटे, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, दोनों जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैकुंठपुर एवं सोनहत व जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिवगण उपस्थित रहे।

## 8 लाख 16 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के अंतर्गत आर्टिशन ब्लॉक पोड़ी तहसील चिरमिरी के निवासी कलेश्वरी की सिगड़ी के आग से जलने से हुई मृत्यु के पश्चात उनकी पुत्री सूमन और श्रुति को 2-2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी तहर तहसील केल्हारी ग्राम विश्रामपुर के निवासी में गंगाराम की मृत्यु कुएं के पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्रीमती निरासिया को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।







